Dainik Bhaskar - Indore

एनएमआईएमएस इंदौर के छात्र आलेख लाहरी ने राष्ट्रीय IPR प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान

इंदौर । इंदौर के एनएमआईएमएस (NMIMS) के विधि छात्र आलेख लाहरी ने राष्ट्रीय स्तर की बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) विषयक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वे एनएमआईएमएस इंदौर में बीए एलएलबी (ऑनर्स) के फाइनल ईयर स्टूडेंट हैं। आलेख लाहरी को 7-8 मार्च 2026 को भोपाल स्थित नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (NLIU) में आयोजित "एनएलआईयू - आर.के. दीवान पेपर प्रेजेंटेशन कॉन्फ्रेंस ऑन कंटेम्परारी इश्यूज इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ" में ओवरऑल विनर और बेस्ट प्रेजेंटेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। देशभर के विभिन्न नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी तथा प्रतिष्ठित निजी विधि महाविद्यालयों की कुल 43 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतिस्पर्धी मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आलेख लाहरी ने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 20,000 रुपये की नकद राशि तथा आर.के. दीवान एंड कंपनी में इंटर्नशिप का अवसर भी प्रदान किया गया। आलेख लाहरी का शोध पत्र कॉपीराइट कानून और भारतीय शास्त्रीय संगीत के अंतर्संबंध (इंटरसेक्शन) पर आधारित था।